# कथन और कारण
## (Assertion and Reason)

36

इस Section के अंतर्गत आने वाले प्रश्न बौद्धिक ज्ञान पर आधारित होते हैं जिनका आशय परीक्षार्थी के ज्ञान की परीक्षा लेना और कारण ढूँढ़ने की क्षमता को विकसित करना होता है। इस Section के अंतर्गत आने वाले प्रश्नों में एक कथन (Assertion) तथा एक कारण (Reason) दिया गया होता है जिसे हम नीचे दिए गए उदाहरणों के द्वारा समझेंगे।

### साधित उदाहरण

**निर्देश :** *नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन (Assertion) और एक कारण (Reason) दिया गया है। उनके लिए सही विकल्प का चुनाव करें।*

उत्तर (1) दीजिए, यदि कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं कर रहा है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि कथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि कथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि कथन और कारण दोनों असत्य हैं।

1. **कथन :** ध्रुवों के बर्फ पिघलने का प्रमुख कारण कार्बन-डाई-ऑक्साइड है।

   **कारण :** वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है।

**उत्तर (1):** कार्बन-डाई-ऑक्साइड के करण पृथ्वी के वातावरण के तापमान में काफी वृद्धि हुई है, जिसके चलते ध्रुवों का बर्फ पिघलने लगा है। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

2. **कथन :** गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया।

   **कारण :** चौरा-चौरी के पास कुछ हिंसक घटना घट गयी थी।

**उत्तर (1):** चौरा-चौरी के पास कुछ हिंसक घटना घट जाने के कारण गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया था। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

3. **कथन :** नर्मदा नदी पश्चिम की तरफ से बहती है।

   **कारण :** नर्मदा नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर गिरती है।

**उत्तर (3):** नर्मदा नदी पश्चिम की तरफ बहती है और वह अरब सागर में जाकर गिरती है। अतः कथन सत्य है और कारण असत्य है।

4. **कथन :** जहाज जब नदी से समुद्र में प्रवेश करता है तो थोड़ा ऊपर उठ जाता है।

   **कारण :** समुद्र के जल का घनत्व नदी के जल की अपेक्षा ज्यादा होता है।

**उत्तर (1):** समुद्र के जल का घनत्व अधिक रहने के कारण ही जहाज जब नदी से समुद्र में प्रवेश करता है तो थोड़ा ऊपर उठ जाता है। अतः कारण कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

5. **कथन :** ग्रेफाइट अच्छा स्नेहक है।

   **करण :** ग्रेफाइट विद्युत का सुचालक है।

**उत्तर (2):** ग्रेफाइट अच्छा स्नेहक होता है तथा ग्रेफाइट विद्युत का सुचालक है । कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं। यहाँ कारण, कथन का उचित व्याख्या नहीं कर रहा है।

### अभ्यास–1

**निर्देश (1–48) :** *नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन (Assertion) और एक कारण (Reason) दिया गया है। उनके लिए सही विकल्प का चुनाव करें।*

उत्तर (1) दीजिए, यदि कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं कर रहा है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि कथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि कथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि कथन और कारण दोनों असत्य हैं।

1. **कथन :** भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था।

   **कारण :** 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।

2. **कथन :** खून का रंग लाल हीमोग्लोबिन के कारण होता है।

   **कारण :** हीमोग्लोबिन लाल रक्त कण होता है।

3. **कथन :** ताँबा का उपयोग बिजली का तार बनाने में किया जाता है।

   **कारण :** ताँबा में विद्युतीय प्रतिरोध बहुत कम होता है।

4. **कथन :** प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सारे पेड़-पौधों में होती है।

   **कारण :** प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के लिए क्लोरोफिल आवश्यक तत्व है।

5. **कथन :** उत्तर प्रदेश को 'चीनी का कटोरा' कहा जाता है।

   **कारण :** सबसे अधिक गन्ना का उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है।

6. **कथन :** रजिया सुल्तान, इल्तुतमिस की पुत्री थी।

   **कारण :** इल्तुतमिस विद्रोही था।

7. **कथन :** पृथ्वी के गर्भ में धातुएँ पिघली अवस्था में पायी जाती हैं।

   **कारण :** पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करती है।

8. **कथन :** भारत में विद्युत वितरण कंपनियाँ विद्युत खपत की गणना KWH (किलोवाट घंटे) में करती हैं।

   **कारण :** भारत में विद्युत प्रणाली 60 Hz आवृत्ति पर काम करती है। *[M.P.P.C.S. 2009]*

9. **कथन :** एक पौधा जिसमें नाइट्रोजन की कमी है छोटे कद का विकास एवं हल्के हरे एवं पीले रंग की पत्तियों जैसे लक्षण दर्शाएगा।

   **कारण :** नाइट्रोजन हरी पत्ती के विकास के लिए जिम्मेदार होता है।

10. **कथन :** ठण्डे किए गए सीमेंट के क्लिंकर्स में जिप्सम मिलाया जाता है।

    **कारण :** जिप्सम सीमेंट के सेट होने के समय को तेज कर देता है।

11. **कथन :** AB रक्त समूह के लोग सार्वभौमिक प्राप्तकर्त्ता (Universal recipients) होते हैं।

    **कारण :** रक्त समूह AB की लाल रक्त कोशिका में कोई एंटीजन नहीं होता है और इसलिए अन्य किसी रक्त समूह के साथ समूहन (Agglutination) नहीं होता है।

12. **कथन :** हवा के पैटर्न्स दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई की दिशा में (दक्षिणावर्त) एवं उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में होते हैं।

    **कारण :** उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में हवा के पैटर्न्स कोरियोलिस प्रभाव से निश्चित होते हैं।

13. **कथन :** 1928 में लाहौर में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन कमीशन का विरोध आयोजित किया गया था।

    **कारण :** साइमन कमीशन में एक भी भारतीय सदस्य शामिल नहीं था। *[M.P. P.C.S. 2009]*

14. कथन : भारतीय संविधान मूलतः संघात्मक स्वरूप (federal inform) का है।

कारण : अनुच्छेद 352 में राज्यों में संवैधानिक तंत्र की विफलता की दशा के प्रावधान हैं।

15. कथन : लीमैन ब्रदर्श (यू.एस की एक निवेश बैंकिंग कंपनी) ने सितंबर, 2008 में दिवालियापन संरक्षण अध्याय 77 दायर की।

कारण : सब प्राइम लैंडिंग (उत्तम से कम उधार) वित्तीय संकट के मुख्य कारणों में से एक थी। *[M.P. P.C.S. 2009]*

16. कथन : साधारण नमक को खुला छोड़ देने पर वह वायु से नमी सोख लेता है।

कारण : साधारण नमक वायु से संयोग कर सोडियम क्लोराइड बनाता है।

17. कथन : मुहम्मद-बिन-तुगलक को 'मूर्खों का सरदार' कहा जाता है।

कारण : वह अच्छे कार्यों को भी बेवकूफी भरे अंदाज में करता था।

18. कथन : पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन पाया जाता है।

कारण : पृथ्वी पर वायुमंडल है जिसमें विभिन्न गैसों का मिश्रण ($O_2$, $N_2$, $CO_2$) इत्यादि पाया जाता है।

19. कथन : हीरा का उपयोग शीशा काटने के लिए किया जाता है।

कारण : हीरा का अपवर्तनांक सबसे अधिक होता है।

20. कथन : दिल्ली से ज्यादा ठंढ शिमला में पड़ती है।

कारण : शिमला अधिक ऊँचाई पर स्थित है।

21. कथन : कार्बन अन्य तत्वों की अपेक्षा अधिक यौगिक बना सकता है।

कारण : कार्बन विभिन्न अपरूपों में विद्यमान रह सकता है।

22. कथन : गर्मी में एक लौह खण्ड, काष्ठ से अधिक गरम होता है।

कारण : लोहे का आपेक्षिक घनत्व काष्ठ के आपेक्षिक घनत्व से अधिक होता है। *[N.D.A. 2009]*

23. कथन : दो भिन्न द्रव्यमान वाले कृत्रिम उपग्रह, पृथ्वी के चारों तरफ समान वृत्तीय कक्षा में समान चाल से घूमते हैं।

कारण : उपग्रह की चाल इसकी कक्षा के अर्द्धव्यास के समानुपाती होती है। *[N.D.A. 2009]*

24. कथन : मछली का शरीर धारारेखीय होता है।

कारण : धारारेखीय शरीर मछली को तैरने में मदद करता है।

25. कथन : सेफ्टी फ्यूज उच्च गलनांक वाले तत्व का बना होता है।

कारण : सेफ्टी फ्यूज विद्युतीय प्रभाव को रोकता है।

26. कथन : टेलीफोन के तार गर्मी में बहुत लचक जाते हैं।

कारण : गर्मी के दिनों में वे फैल जाते हैं।

27. कथन : चमगादड़ रात को उड़ सकते हैं।

कारण : चमगादड़ अल्ट्रासोनिक तरंग निकालते हैं।

28. कथन : टीका हमें रोगों से बचाता है।

कारण : बच्चों को टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए।

29. कथन : भारत में महिलाओं का जीवन काल पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा है।

कारण : महिलाएँ अच्छा भोजन ग्रहण करती हैं।

30. कथन : अल्पविकसित देशों में श्रम उत्पादकता के निम्न स्तर मौजूद रहते हैं।

कारण : यह भौतिक पूँजी के अभाव की वजह से होता है।

31. कथन : भारत में ज्यादा-से-ज्यादा किसान खेती से जबरन बाहर होते जा रहे हैं।

कारण : उनका भूमि आधार ज्यादा छोटा होता जा रहा है। *[U.G.C. 2008]*

32. कथन : जर्मनी में नाजीवाद ने सैन्यीकरण और विस्तारवाद के अनवरत् मार्ग का आश्रय लिया।

कारण : नाजीवाद ने विश्व पर प्रभुत्व के लिए निर्दिष्ट 'प्रभु प्रजाति' (Muster-race) के विश्वास का समर्थन किया।

33. कथन : हिमालय की मिट्टियों में 'ह्यूमस' प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

कारण : हिमालय में सर्वाधिक क्षेत्र वनाच्छादित हैं।

34. कथन : भारत में दुग्ध उत्पादन की दर अन्य देशों की अपेक्षा कम है।

कारण : भारत में पशुपालन करने वाले बहुत ही गरीब हैं।

35. कथन : भारत एक लोकतंत्रात्मक देश है।

कारण : भारत के पास अपना संविधान है।

36. कथन : शुक्र, सूर्य के बाद आकाश में सबसे अधिक चमकदार पिण्ड है।

कारण : हमारे सौरमण्डल में शुक्र, सूर्य से दूसरा ग्रह है।

37. कथन : एक गर्म उष्ण दिवस में भी खुले तालाब का पानी ठण्ढा रहता है।

कारण : गर्म होने पर पानी वाष्पीकृत होता है तथा ताप ऊर्जा, गुप्त ऊष्मा में बदल जाती है।

38. कथन : कैल्सियम और मैग्नीशियम के लवण से युक्त जल के साथ साबुन झाग निर्मित नहीं करता।

कारण : दीर्घ श्रृंखला वसीय अम्लों के कैल्सियम और मैग्नीशियम लवण जल में अघुलनशील हैं।

39. कथन : प्लूटो सबसे ठंढा ग्रह है।

कारण : इसे सूर्य से तिरछी रोशनी प्राप्त होती है।

40. कथन : केंचुआ कृषि के लिए हानिकारक है।

कारण : केंचुआ भूमि को छोटे रूप में तोड़ता है और इसे महीन बनाता है।

41. कथन : संयुक्त राष्ट्र राज्यों की संप्रभुता समानता पर आधारित है।

कारण : सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार है।

42. कथन : अशोक ने कलिंग को मौर्य साम्राज्य में मिला लिया था।

कारण : कलिंग दक्षिण भारत को आने वाले स्थलीय एवं समुद्री मार्गों को नियंत्रित करता था।

43. कथन : प्रेशर कूकर में भोजन क्वथनांक से अधिक तापमान पर पकता है।

कारण : दाब बढ़ने के साथ-साथ जल का क्वथनांक भी बढ़ता है। *[C.D.S. 2008]*

44. कथन : साधारण जल की अपेक्षा समुद्री जल में तैरना आसान है।

कारण : साधारण जल के घनत्व की अपेक्षा समुद्री जल का घनत्व अधिक होता है। *[C.D.S. 2008]*

45. कथन : भारत का योजना आयोग मुख्यतः देश की पंचवर्षीय तथा वार्षिक योजना निरूपण का कार्य करता है।

कारण : योजना आयोग एक संवैधानिक निकाय (Constitutional body) है।

46. कथन : बिजली का बल्व टूटने के बाद आवाज करता है।

कारण : बिजली के बल्व के टूटने के बाद उसमें से तेजी से हवा बाहर निकलती है।

47. कथन : एड्स का कोई टीका विकसित नहीं हुआ है।

कारण : एड्स विषाणु गुणसूत्र में परिवर्तन लाता है।

48. कथन : हमलोग जाड़े के दिनों में सफेद कपड़ा पहनना पसंद करते हैं।

कारण : सफेद कपड़ा ऊष्मा का बुरा अवशोषक होता है। *[MAT 2005]*

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (1) | 3. (1) | 4. (1) | 5. (1) | 6. (3) |
| 7. (3) | 8. (3) | 9. (1) | 10. (1) | 11. (3) | 12. (1) |
| 13. (1) | 14. (2) | 15. (1) | 16. (1) | 17. (1) | 18. (2) |
| 19. (2) | 20. (1) | 21. (1) | 22. (2) | 23. (3) | 24. (1) |
| 25. (5) | 26. (1) | 27. (1) | 28. (2) | 29. (5) | 30. (1) |
| 31. (1) | 32. (1) | 33. (1) | 34. (3) | 35. (2) | 36. (2) |
| 37. (1) | 38. (1) | 39. (3) | 40. (4) | 41. (2) | 42. (1) |
| 43. (1) | 44. (1) | 45. (3) | 46. (3) | 47. (1) | 48. (4) |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (2) भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ और उसी दिन से हम गणतंत्र दिवस के रूप में उसे मनाते हैं। अतः कथन तथा कारण दोनों सत्य है।

2. (1) हीमोग्लोबिन लाल रक्त कण होता है और उसी के कारण खून का रंग लाल होता है। कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

3. (1) कम विद्युतीय प्रतिरोध होने के कारण ताँबा का उपयोग बिजली के तार बनाने में किया जाता है। कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

4. (1) क्लोरोफिल, प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के लिए आवश्यक तत्व होता है, इसके बिना प्रकाश संश्लेषण की क्रिया संभव नहीं है।

5. (1) उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना का उत्पादन होता है। इसलिए उत्तर प्रदेश को 'चीनी का कटोरा' कहा जाता है। कथन, तथा कारण दोनों सत्य हैं। कारण, कथन की उचित व्याखाया कर रहा है।

6. (3) इल्तुतमिस गुलाम वंश का शासक था और उसकी पुत्री रजिया सुल्तान थी । अतः कथन सत्य है तथा कारण असत्य है।

7. (3) पृथ्वी के गर्भ में अत्यधिक ताप एवं दाब के चलते धातुएँ पिघली अवस्था में पायी जाती हैं और पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को परावर्तित कर देती है।

8. (3) भारत में विद्युत वितरण कंपनियाँ विद्युत खपत की गणना KWH (किलो वाट घंटे) में करती हैं तथा भारत में विद्युत प्रणाली 60 Hz आवृत्ति पर कार्य नहीं करता है।

9. (1) नाइट्रोजन हरी पत्ती के विकास के लिए आवश्यक तत्व होता है इसकी कमी के कारण पौधे का कद छोटा और पत्तियों का रंग हल्के हरे एवं पीले रंग का हो जाता है।

10. (1) जिप्सम सीमेंट के सेट होने की क्रिया को तेज कर देता है जिसके चलते ठण्ढे सीमेंट के क्लिंकर्स में जिप्सम मिलाया जाता है।

11. (3) AB रक्त समूह के लोग किसी भी समूह के लोग से रक्त प्राप्त कर सकते हैं। इसी कारण इस समूह के लोगों को सार्वभौमिक प्राप्तकर्ता (Universal recipients) कहलाते हैं।

12. (1) उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में हवा के पैटर्न्स कोरियोलिस प्रभाव के कारण दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणावर्त और उत्तरी गोलार्द्ध में वामावर्त दिशा में होते हैं।

13. (1) साइमन कमीशन में एक भी भारतीय सदस्य नहीं था जिसके कारण 1928 में लाहौर में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन कमीशन के विरोध में सभा का आयोजन किया गया था।

14. (2) भारतीय संविधान मूलतः संघात्मक स्वरूप है और संविधान के अनुच्छेद 352 में राज्यों में संवैधानिक तंत्र की विफलता की दशा का प्रावधान है अतः कथन और कारण दोनों सत्य हैं।

15. (1) सब प्राइम लैडिंग (उत्तम से कम उधार) के कारण ही लीमैन ब्रदर्श वित्तीय संकट से गुजरा और 2008 में दिवालियापन संरक्षण अध्याय 77 दायर किया।

16. (1) सोडियम क्लोराइड नमक का आवश्यक तत्व होता है ।अगर नमक को खुला छोड़ दिया जाए तो यह वायु से नमी को सोख लेता है।

17. (1) प्रश्नानुसार कारण, कथन की उचित व्याख्या कर रहा है।

18. (2) पृथ्वी पर जल की उपस्थिति के कारण ही जीवन है क्योंकि जीवन की उत्पत्ति सर्वप्रथम जल में ही हुआ था।

19. (2) हीरा, कठोर अपनी त्रिविमीय आकृति के कारण होता है जिसके चलते इसका उपयोग सीसा काटने में होता है।

20. (1) दिल्ली से ज्यादा ठंढ शिमला में पड़ती है, क्योंकि ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में कमी आने लगती है।

21. (1) कार्बन खुद से संयोग करके यौगिक का निर्माण कर लेता है जिसके चलते यह सबसे अधिक यौगिक बना सकता है और खुद से संयोग करने के चलते यह विभिन्न अपरूपों में विद्यमान रह सकता है।

22. (2) लोहा में ऊष्मा का प्रसार काष्ठ की अपेक्षा तेजी से होता है जिसके कारण लोहा काष्ठ की अपेक्षा तेजी से गर्म होता है तथा लोहा का आपेक्षिक घनत्व काष्ठ की अपेक्षा अधिक होता है।

23. (3) पृथ्वी के चारों तरफ वृत्तीय कक्षा में कोई भी उपग्रह एक समान चाल से पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं।

24. (1) मछली के शरीर की बनावट धारारेखीय होती है जिसके चलते मछली को तैरने में बहुत कम अवरोध का सामना करना पड़ता है और धारारेखीय शरीर तैरने में मदद करता है।

25. (5) सेफ्टी फ्यूज कम गलनांक वाले धातु से बना होता है, जिसके चलते अत्यधिक विद्युत प्रवाह के समय यह गल जाता है और विद्युतीय प्रवाह से होने वाले नुकसान से बचाता है।

26. (1) टेलीफोन के तार के अंदर का धातु गर्म होकर फैल जाता है इसी के कारण टेलीफोन के तार ज्यादा फैल जाते हैं।

27. (1) चमगादड़ अल्ट्रासोनिक तरंग निकालने के चलते रात में वे उड़ सकते हैं, क्योंकि अल्ट्रासोनिक तरंग उन्हें उड़ने में दिशा निर्धारण करने में सहायता प्रदान करता है।

28. (2) टीका हमारे शरीर में होने वाली बीमारी को रोकता है। टीकाकरण करवाने से बच्चों में रोग प्रतिरोधी क्षमता विकसित होता है।

29. (5) भारत में महिलाओं से ज्यादा पुरुषों का जीवन काल है तथा महिलाओं को संतुलित आहार नहीं मिल पाता है।

30. (1) अल्प विकसित देशों में बेरोजगारी तथा पूँजी के अभाव के चलते श्रम उत्पादकता निम्न स्तर पर मौजूद रहता है।

31. (1) भारत में जोतों का विभाजन के चलते भूमि का आधार छोटा होता जा रहा है और सूखा और बाढ़ की समस्या के चलते किसान का खेती से मोह भंग होते जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा किसान खेती से बाहर होते जा रहे हैं।

32. (1) जर्मनी में नाजियों ने अपने आपको विश्व का सर्वश्रेष्ठ जाति घोषित कर सैन्यीकरण और विस्तारवाद के अनवरत् मार्ग का आश्रय लिया।

33. (1) हिमालय की मिट्टियों में 'ह्यूमस' के कारण भूमि की उपजाऊ क्षमता बहुत अधिक है जिसके कारण हिमालय में सर्वाधिक क्षेत्र वनाच्छादित है।

34. (3) भारत में अन्य देशों की तुलना में दुग्ध उत्पादन की दर काफी कम है जिसका कारण उचित चारा और असंतुलित आहार है।

35. (2) भारत एक लोकतंत्रात्मक देश है, यहाँ लोगों के द्वारा चुनी हुई सरकार है। भारत के पास अपना संविधान भी है। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं कर रहा है।

36. (2) हमारे सौरमंडल में शुक्र का स्थान सूर्य के बाद दूसरा है और यह सूर्य के बाद सबसे चमकीला ग्रह है।

37. (1) गर्मी के दिनों में तालाब का पानी गर्म होने पर वाष्प में परिवर्तित हो जाता है और वाष्पीकृत होने के कारण ताप ऊष्मा गुप्त ऊष्मा में बदल जाती है और तालाब का पानी गर्मी के दिनों में ठंढा रहता है।

38. (1) साबुन, कैल्सियम और मैग्नीशियम लवण युक्त जल में अघुलनशील होता है जिसके कारण साबुन झाग नहीं बना पाता है।

39. (3) प्लूटो सूर्य से सबसे दूरस्थतः ग्रह है जिसके कारण बहुत कम मात्रा में उसे सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है। इस कारण से यह सबसे ठंढा ग्रह है।

40. (4) केंचुआ भूमि को छोटे रूप में तोड़कर कृषि में मदद करता है।

41. (2) सैद्धान्तिक रूप में संयुक्त राष्ट्र सदस्यों की सामान्य प्रभुत्व सम्पन्नता के सिद्धान्त पर आधारित है परन्तु चार्टर में इस सिद्धान्त के अनेक अपवाद भी दिये गये हैं। उदाहरण के लिए चार्टर के अनुच्छेद 27 में पाँच देशों अमेरिका, बिट्रेन, चीन, रूस तथा फ्रांस को वीटो का अधिकार दिया गया है। यदि इनमें से कोई भी देश नकारात्मक मत का प्रयोग करता है तो सुरक्षा परिषद् निर्णय लेने में असमर्थ हो जाता है।

42. (1) कलिंग (उड़ीसा) दक्षिण भारत में समुद्र के किनारे स्थित एक राज्य था जिस पर सम्राट अशोक ने आक्रमण पर उसे मौर्य साम्राज्य में मिला लिया था।

43. (1) दाब बढ़ने के कारण जल का क्वथनांक बढ़ जाता है जिसके कारण प्रेशर कूकर में भोजन क्वथनांक से अधिक तापमान पर पकता है।

44. (1) साधारण जल की अपेक्षा समुद्री जल का घनत्व अधिक होता है जिसके कारण समुद्री जल में तैरना आसान होता है।

45. (3) भारत में योजना आयोग का मुख्य कार्य पंचवर्षीय तथा वार्षिक योजना का क्रियान्वयन करना होता है।

46. (3) बिजली का बल्व निर्वात होता है। जब बल्व टूटता है तो उसमें तेजी से वायु प्रवेश करती है जिसके कारण आवाज होती है।

47. (1) टीका हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर रोगों से बचाता है लेकिन एड्स विषाणु गुणसूत्र में परिवर्तन लाता है। इसलिए एड्स का टीका विकसित नहीं हो सकता है।

48. (4) हमलोग जाड़े के दिनों में रंगीन कपड़ा पहनना पसंद करते हैं क्योंकि रंगीन कपड़ा ऊष्मा को अवशोषित कर हमारे शरीर को गर्म रखता है। सफेद कपड़ा गर्मी का बुरा अवशोषक होता है और यह हमें गर्मी के दिनों में गर्मी से बचाता है।

★★★